प्रबंधन मंडल की द्वितीय बैठक की कार्यवाही

दिनांक : 28 सितम्बर, 2019

स्थान : सभागार कक्ष–II, बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय, पटना

बिहार पशु
विज्ञान विश्वविद्यालय
BIHAR ANIMAL
SCIENCES UNIVERSITY

बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय

पटना – 800 014, (बिहार)

प्रबंधन मंडल की द्वितीय बैठक दिनांक 28 सितम्बर 2019 को सभागार कक्ष–।।, बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय, पटना में सम्पन्न हुई ।

कार्यवाही का विवरण

प्रबंधन मंडल की द्वितीय बैठक में निम्नांकित सदस्य उपस्थित हुए :–

क्र. सं.	पदनाम	पद
1.	डॉ० रामेश्वर सिंह, कुलपति, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना	अध्यक्ष
2.	श्री संजय कुमार सिन्हा, संयुक्त निदेशक (मुख्यालय), प्रतिनिधि, निदेशक (पशुपालन), पटना	सदस्य
3.	श्री अजय कुमार झा, निदेशक, (डेयरी), पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना	सदस्य
4.	श्री पवन कुमार पासवान, उप निदेशक, (मत्स्य), पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना	सदस्य
5.	डॉ० शिव धर सिंह, भूतपूर्व सहायक महानिदेशक (मत्स्य), भा०कृ०अ०प०, नई दिल्ली	सदस्य
6.	श्री सुधान्शु कुमार, प्रगतिशील किसान, बिहटा, पटना	सदस्य
7.	डॉ० रवीन्द्र कुमार, डी0आर0आई0–कम–डीन पी0जी0एस0, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना	सदस्य
8.	डॉ० जय किशन प्रसाद, अधिष्ठाता, बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय, पटना	सदस्य
9.	डॉ० प्रदीप कुमार कपूर, कुलसचिव, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना	सदस्य सचिव
10.	डॉ० कृष्ण गोपाल मंडल, विशेष कार्य पदाधिकारी, मात्स्यिकी महाविद्यालय किशनगंज, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना	आमंत्रित सदस्य
11.	श्री गिरिश चन्द्र प्रसाद, वित्त नियंत्रक, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना	आमंत्रित सदस्य

सर्वप्रथम माननीय कुलपति महोदय–सह–अध्यक्ष, प्रबंधन मंडल, डॉ0 रामेश्वर सिंह ने सभी सदस्यगणों का स्वागत किया, तत्पश्चात् सभी सदस्यगणों ने अपना परिचय दिया। बैठक की शुरूआत में माननीय कुलपति महोदय ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को संक्षिप्त में सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया और विश्वविद्यालय की प्रगति हेतु भावी योजनाओं के बारे में बताया। तत्पश्चात् सभी सदस्यों ने उत्सुकता पूर्वक अपनी प्रशंसा के साथ सहमति दी।

बैठक की कार्यावली विश्वविद्यालय प्रबंधन बोर्ड के सदस्य सचिव–सह–कुलसचिव डॉ० प्रदीप कुमार कपूर ने बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया।

प्रबन्धन मण्डल के द्वितीय बैठक की विस्तृत कार्यवाही निम्नांकित है:–

कार्यावली संख्या 1.1.1 : 22.01.2019 को आयोजित बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के प्रबन्धन मंडल की द्वितीय बैठक की कार्यवाही की पुष्टि।

विवरण :

कार्यावली संख्या	विवरणी	कार्रवाई की विवरणी
कार्यावली संख्या 1.1.1	अकादमिक परिषद्, अनुसंधान परिषद्, प्रसार परिषद्, वित्त समिति एवं प्रबन्धन मण्डल का गठन	कार्रवाई की जा चुकी है।
कार्यावली संख्या 1.1.2	बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के संविधि (Statute) का ग्रहण	कार्रवाई की जा चुकी है।
कार्यावली संख्या 1.1.3	स्नातक एवं स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के संचालन हेतु बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के नियमों एवं परिनियमों को ग्रहण करना	कार्रवाई की जा चुकी है।
कार्यावली संख्या 1.1.4	शिक्षा, शोध एवं प्रशिक्षण हेतु बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय एवं अन्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों के मध्य समझौता ज्ञापन (MOU)	कार्रवाई की जा चुकी है।
कार्यावली संख्या 1.1.5	नए मात्स्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज का शुभारम्भ	कार्रवाई की जा चुकी है।
कार्यावली संख्या 1.1.6	बी०वी०एससी० एवं ए०एच0 में नामांकन हेतु सीटों को 60 से बढ़ाकर 80 सीट किया जाना	कार्रवाई की जा चुकी है।
कार्यावली संख्या 1.1.7	स्नातकोत्तर कार्यक्रम में नामांकन हेतु सीटों की संपुष्टि	कार्रवाई की जा चुकी है।
कार्यावली संख्या 1.1.8	विश्वविद्यालय में की गयी नियुक्तियों की संपुष्टि	कार्रवाई की जा चुकी है।
कार्यावली संख्या 1.1.9	मात्स्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज की संपत्तियों का ग्रहण	कार्रवाई की जा चुकी है।
कार्यावली संख्या 1.1.10	डॉ0 उपेन्द्र सिंह, सहायक प्राध्यापक (वरीय) एवं श्री टी0 एन0 एल0 कर्ण, उच्च वर्गीय लिपिक के पुर्ननियुक्ति की संपुष्टि	कार्रवाई की जा चुकी है।
कार्यावली संख्या 1.2.2	वार्षिक रिपोर्ट 2017–18 का अनुमोदन	कार्रवाई की जा चुकी है।
कार्यावली संख्या 1.2.3	विश्वविद्यालय के विजन डॉक्यूमेंट 2030 का अनुमोदन	कार्रवाई की जा चुकी है।
कार्यावली संख्या 1.2.4	विश्वविद्यालय लोगो, सील एवं मात्स्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज के लोगो का अनुमोदन	कार्रवाई की जा चुकी है।
कार्यावली संख्या 1.2.5	विश्वविद्यालय के वित्तीय मामले से सम्बन्धित अनुमोदन	अमल किया जा चुका है।

निर्णय/संकल्प : सर्वसम्मति से स्वीकृत

कार्यावली संख्या 1.1.2 : बी.टेक (डी.टी.) में नामांकन हेतु सीटों को 25 से बढ़ाकर 30 सीट किया जाना ।

विवरण : बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय ने अपने चतुर्थ अकादमिक परिषद् की बैठक में वी.टेक (डी.टी.) में नामांकन हेतु सीटों को 25 से बढ़ाकर 30 करने का प्रस्ताव अनुमोदन किया गया है, क्योंकि लम्बे समय से यह देखा जा रहा है कि विद्यार्थी बीच में ही इंजिनीयरिंग एवं मेडिकल में दाखिला होने पर छोड़कर चले जाते हैं। इसकी संपुष्टि प्रबंधन मंडल से अपेक्षित है।

निर्णय/संकल्प : सर्वसम्मति से स्वीकृत

कार्यावली संख्या 1.1.3 : कृषि विज्ञान केन्द्र, जमुई का भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली से बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में अंगीकार होना।

विवरण : बिहार सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप कृषि विज्ञान केन्द्र, जमुई को पत्रांक संख्या–F.No. A.Extn.4/9/2009-AE-I(Pt-II), दिनांक– **06.03.2019** के द्वारा बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय को अंतरित किया गया है। यह विश्वविद्यालय के शोध एवं तकनीक को लाभुकों तक ले जाने में मदद करेगा। यह प्रबंधन मंडल के संपुष्टि एवं सुचनार्थ हेतु प्रस्तुत है।

निर्णय/संकल्प : सर्वसम्मति से स्वीकृत

कार्यावली संख्या 1.1.4: विश्वविद्यालय में की गयी नियुक्तियों की संपुष्टि

विवरणः बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के विभिन्न गतिविधियों के निर्बाध संचालन हेतु कर्मचारियों, अनुबन्धक अध्यापकों की नियुक्ति की गयी है। पुनः माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार विभिन्न महाविद्यालयों में पूर्व से कार्यरत संविदाकर्मियों की नियमितिकरण करने के उपरांत संपुष्टि हेतु प्रस्तुत है।

निर्णय/संकल्प : सर्वसम्मति से स्वीकृत

कार्यावली संख्या 1.2.1 चतुर्थ अकादमिक परिषद् में लिए गए निर्णयों का अनुमोदन

विवरण : प्रबंधन मंडल, जो कि विश्वविद्यालय, प्रशासन का सर्वोच्च अंग है, प्रबंधन मंडल की द्वितीय बैठक के पहले चतुर्थ अकादमिक परिषद् की बैठक आहुत की गई, जिसकी कार्यावाही रिपोर्ट अनुमोदन हेतु

कार्यावली संख्या	विवरणी	कार्रवाई की विवरणी
कार्यावली संख्या 01	13.06.2018 को आयोजित तृतीय शैक्षणिक परिषद् की बैठक की कार्यवाही की पुष्टि और अनुमोदन के लिए कार्रवाई रिपोर्ट।	सर्वसम्मति से स्वीकृत
कार्यावली संख्या 02	बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के अधीनस्थ बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय में इन सर्विस पी०एच०डी० छात्र के लिए प्रमुख सलाहकारों का आवंटन।	का०आ०स० 226 / Reg./ BASU, Patna dated 6/09/2019 द्वारा अनुमोदित और परिचालित
कार्यावली संख्या 03	स्नातकोत्तर छात्रों की मासिक प्रगति रिपोर्ट के लिए प्रारूप को मंजूरी।	का०आ०स० 225 / Reg./ BASU, Patna dated 6/09/2019 द्वारा अनुमोदित और परिचालित
कार्यावली संख्या 04	छात्र परिषद्, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना का गठन	का०आ०स० 224 / Reg./ BASU, Patna dated 6/09/2019 द्वारा अनुमोदित और परिचालित
कार्यावली संख्या 05	पीजी और पी०एच०डी० थीसिस लेखन के लिए अनुसंधान अनुदान की वृद्धि।	का०आ०स० 223 / Reg./ BASU, Patna dated 6/09/2019 द्वारा अनुमोदित और परिचालित
कार्यावली संख्या 06	विभिन्न प्रमाणपत्रों और मुद्दों के लिए शुल्क	का०आ०स० 222 / Reg./ BASU, Patna dated 6/09/2019 द्वारा अनुमोदित और परिचालित

कार्यावली संख्या 07	यू० जी० कार्यक्रम के लिए शैक्षणिक कैलंडर। कार्यक्रम [B.Tech. (D.T.)और B.F.Sc.] प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष और तृतीय वर्ष, यूजी के लिए शैक्षणिक कैलेंडर। कार्यक्रम[B.Tech. (D.T.)4thवर्ष, बैच 2016–17U.G. कार्यक्रम के लिए शैक्षणिक कैलेंडर। B.Tech, (D.T.) 5 वे वर्ष (9 वां सेम) और 6 वें वर्ष (11 वां सेम), यूजी के लिए शैक्षणिक कैलेंडर। कार्यक्रम (B.V.Sc & A.H एनुअल सिस्टम) 1, 2 और 3 प्रोफशनल ईयर के लिए, यूजी के लिए एकेडमिक कैलेंडर 4 वें वर्ष के लिए कार्यक्रम (B.V.Sc & A.H वार्षिक प्रणाली), यूजी के लिए शैक्षणिक कैलेंडर (B.V.Sc & A.H सेमेस्टर प्रणाली) 5 वें वर्ष और शैक्षणिक सत्र 2019–20 के लिए स्नातकोत्तर कार्यक्रम	का०आ०स० 221 / Reg./ BASU, Patna dated 6/09/2019 द्वारा अनुमोदित और परिचालित
कार्यावली संख्या 08	किशनगंज के कॉलेज ऑफ फिशरीज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग का विघटन	अकादमिक परिषद ने विस्तार से विचार-विमर्श किया और एजेंडा नंबर 18 के साथ विलय करने का सुझाव दिया।
कार्यावली संख्या 09	कॉलेज ऑफ फिशरीज, किशनगंज में अर्थशास्त्र विभाग का नाम बदल कर अर्थशास्त्र और सांख्यिकी विभाग किया जाना।	अकादमिक परिषद ने विस्तार से विचार-विमर्श किया और एजेंडा नंबर 18 के साथ विलय करने का सुझाव दिया
कार्यावली संख्या 10	एस०जी०आई०डी०टी०, पटना के बी०टेक० (डी०टी०) कार्यक्रम में नामांकन हेतु सीटों की संख्या 25 से बढ़ाकर 30 किया जाना।	का०आ०स० 220 / Reg./ BASU, Patna dated 6/09/2019 द्वारा अनुमोदित और परिचालित

कार्यावली संख्या 11	बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के मास्टर्स के छात्रों के कैम्पस चयन में भागीदारी	अकादमिक परिषद ने विस्तार से विचार-विमर्श किया और एजेंडा छोड़ने का सुझाव दिया। सदस्यों ने बि.प.वि.विश्व. के प्लेसमेंट सेल के साथ इस मुद्दे को रखने का सुझाव दिया।
कार्यावली संख्या 12	डेयरी प्रौद्योगिकी में पीजी कार्यक्रम का अस्थायी विच्छेदन	का०आ०स० 219 / Reg./ BASU, Patna dated 6/09/2019 द्वारा अनुमोदित और परिचालित
कार्यावली संख्या 13	B.V.Sc & A.H. के लिए विभागों का नामांकरण वेटरनरी काउंसिल ऑफ इंडिया, 2016 के नियमन के अनुसार किया जाना।	का०आ०स० 218 / Reg./BASU, Patna dated 6/09/2019 द्वारा अनुमोदित और परिचालित
कार्यावली संख्या 14	सुचारू शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एआरजीओ, एलपीटी, फिजियोलॉजी और टीवीसीसी विभाग में अनुबंधक शिक्षकों का प्रावधान होना।	अकादमिक परिषद ने एजेंडे को इस टिप्पणी के साथ छोड़ दिया कि यह पहले से ही लागू है
कार्यावली संख्या 15	TVCC के शिक्षकों का अपने–अपने विभाग में समान अवसर प्रदान करना।	का०आ०स० 217 / Reg./ BASU, Patna dated 6/09/2019 द्वारा अनुमोदित और परिचालित
कार्यावली संख्या 16	छात्रों को उचित खेल / योगा प्रशिक्षण के लिए संविदा या नियमित आधार पर खेल / योगा शिक्षक / प्रशिक्षक की नियुक्ति	का०आ०स० 216 / Reg./ BASU, Patna dated 6/09/2019 द्वारा अनुमोदित और परिचालित
कार्यावली संख्या 17	संजय गाँधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना में विभागों के पुनर्गठन और संकाय पदों का पुनः आवंटन।	अकादमिक परिषद ने विस्तार से चर्चा की और गहन विचार–विमर्श के बाद एजेंडे को मंजूरी दी।

कार्यावली संख्या 18	मात्स्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज के विभागों का नाम बदलना और पुनर्गठन तथा संकाय पदों का पुनः आवंटन।	अकादमिक परिषद ने विस्तार से चर्चा की और गहन विचार–विमर्श के बाद एजेंडे को मंजूरी दी।
कार्यावली संख्या 19	बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय, पटना में विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों, एसोसिएट प्रोफेसरों के पदों की संख्या का विभागवार आवंटन	का०आ०स० 215 / Reg./ BASU, Patna dated 6/09/2019 द्वारा अनुमोदित और परिचालित
कार्यावली संख्या 20	डिग्रियाँ प्रदान करने के लिए बि.प.वि. विश्व. (BASU) पटना के पहले दीक्षांत समारोह का आयोजन।	का०आ०स० 214 / Reg./ BASU, Patna dated 6/09/2019 द्वारा अनुमोदित और परिचालित
कार्यावली संख्या 21	विश्वविद्यालय प्रॉस्पेक्टस की स्वीकृति	का०आ०स० 213 / Reg./ BASU, Patna dated 6/09/2019 द्वारा अनुमोदित और परिचालित
कार्यावली संख्या 22	13.06.2018 के बाद बि.प.वि.विश्व., पटना द्वारा बी.वी.एस.सी. एंड ए एच, एम.वी.एस.सी, पी.एच. डी., बी.टेक (डी. टी.), एम. टेक की डिग्री प्रदान करना।	का०आ०स० 212 / Reg./ BASU, Patna dated 6/09/2019 द्वारा अनुमोदित और परिचालित

निर्णय / संकल्प : सर्वसम्मति से स्वीकृत

कार्यावली संख्या 1.2.1 (अ) : संजय गाँधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना में विभागों के पुनर्गठन और संकाय पदों का पुनः आवंटन।

विवरण : संजय गाँधी गव्य प्रौधोगिकी संस्थान, पटना का मुख्य कार्यक्षेत्र दूध एवं दुग्ध उत्पादों का प्रसंस्करण है, जबकि इसके तीन विभाग यानि कैटल ब्रिडिंग एवं प्रोडक्शन, डेयरी कैटल न्यट्रीशन एंड फोरेज प्रोडक्शन तथा रिप्रोडक्शन एवं फिजियोलॉजी, जो उत्पादन पहलुओं से संबंधित है, ने प्रासंगिकता खो दी है। इसके अलावा आई० सी० ए० आर० की डीन की समिति ने भी डेयरी साइंस कॉलेजों के लिए

प्रसंस्करण पहलुओं से संवंधित बिषयों की सिफारिश की है। इसीलिए इसे नौ के बदले में छह विभागों में विभागों के पुर्नगठन का प्रस्ताव है:–

Sl. No.	Departments already Exists	Sl. No.	Departments proposed after restructuring
1	**Dairy Technology**	1	**Dairy Technology**
2	**Dairy Chemistry**	2	**Dairy Chemistry**
3	**Dairy Microbiology**	3	**Dairy Microbiology**
4	**Dairy Engineering**	4	**Dairy Engineering**
5	**Dairy Economics and Statistics**	5	**Dairy Business Management**
6	**Dairy Extension**	6	**Dairy Extension**
7	Cattle Breeding and Production		Deleted
8	Dairy Cattle Nutrition & Forage Production		Deleted
9	Reproduction & Physiology		Deleted

इसके अलावा, विभागों के पुनर्गठन के आलोक में, स०गा०ग०प्रौ०सं० पटना के स्वीकृत पदों के पुनः आवंटन का प्रस्ताव निम्नांकित है।

No.	Departments	UNIVERSITY PROFESSORS (TOTAL – 03 POSTS)		ASSOCIATE PROFESSORS (TOTAL- 21 POSTS)		ASSISTANT PROFESSOR (TOTAL- 23 POSTS)	
		Existing	Proposed	Existing	Proposed	Existing	Proposed
1	**Dairy Technology**	**1**	**1**	**3**	**4**	**4**	**5**
2	**Dairy Chemistry**	**Nil**	**Nil**	**3**	**4**	**2**	**3**
3	**Dairy Microbiology**	**Nil**	**1**	**3**	**4**	**3**	**4**
4	**Dairy Engineering**	**1**	**1**	**4**	**4**	**3**	**4**
5	**Dairy Economics and Statistics (Renamed as Dairy Business Management)**	**Nil**	**Nil**	**2**	**4**	**2**	**4**
6	**Dairy Extension**	**Nil**	**Nil**	**Nil**	**1**	**3**	**3**
7	Cattle Breeding and Production	1	Nil	2	Nil	2	Nil
8	Dairy Cattle Nutrition & Forage Production	Nil	Nil	2	Nil	2	Nil
9	Reproduction & Physiology	Nil	Nil	2	Nil	2	Nil
	Total	**3**	**3**	**21**	**21**	**23**	**23**

पुनः ऊपर लिखे गये दोनों प्रस्ताव चतुर्थ विद्वत् परिषद् द्वारा अनुमोदित किये जा चुके है, जिसके उपरांत प्रबंधन मंडल से अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय / संकल्प : **सर्वसम्मति से स्वीकृत**

कार्यावली संख्या 1.2.1 (ब) : मात्स्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज के विभागों का नाम बदलना और पुनर्गठन तथा संकाय पदों का पुनः आवंटन।

विवरण : मात्स्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज में कई विभागों के नाम बदलने का प्रस्ताव है। जैसे जैव प्रौधौगिकी विभाग को मतस्य जैव प्रौधोगिकी विभाग तथा मत्स्य अर्थशास्त्र विभाग को मत्स्य अर्थशास्त्र एवं संख्यिकी विभाग। साथ ही यह भी प्रस्ताव है कि सूक्ष्म विज्ञान विभाग को समाप्त कर दिया जाय, क्योंकि इसके सारे विषय अन्य तीन विभागों अर्थात् जलीय पर्यावरण प्रबंधन (AEM), जलीय पशु स्वास्थय प्रबंधन (AANM) और मछली प्रसंस्करण प्रौधोगिकी (FPT) में समाहित कर लिया जाता है।

Sl. No.	Existing Departments in the College of Fisheries, Kishanganj	Sl. No.	Proposed list of Departments
1	Aquaculture	1	Aquaculture
2	Fisheries Resource Management	2	Fisheries Resource Management
3	Fish Processing Technology	3	Fish Processing Technology
4	Aquatic Environment Management	4	Aquatic Environment Management
5	Fish Genetics & Breeding	5	Fish Genetics & Breeding
6	Biotechnology	6	Fish Biotechnology
7	Fish Physiology & Biochemistry	7	Fish Physiology & Biochemistry
8	Aquatic Animal Health Management	8	Aquatic Animal Health Management
9	Fish Nutrition & Feed Technology	9	Fish Nutrition & Feed Technology
10	Fisheries Extension	10	Fisheries Extension
11	Fisheries Economics	11	Fisheries Economics & Statistics
12	Microbiology	-	Deleted

इसके अलावा स्कोपिंग कार्यशाला, जो कि मात्स्यिकी महाविद्यालय, किशनगंज में आयोजित की गई, की सिफारिश पर बारह (12) के बजाय ग्यारह (11) विभागों के बीच स्वीकृत पदों को फिर से आवंटित करने का प्रस्ताव निम्नानुसार हैः–

Departments	UNIVERSITY PROFESSOR		ASSOCIATE PROFESSOR		ASSISTANT PROFESSOR	
	Existing	Proposed	Existing	Proposed	Existing	Proposed
Aquaculture	2	2	3	3+1 (1 for Aquaculture Engineering)	5	5+1 (1 for Aquaculture Engineering)
Aquatic Animal Health Management	1	1	2	2	3	3+1 (1 for Microbiology)
Aquatic Environment Management	1	1+1 (1 for Microbiology)	2	2+1 (1 for Microbiology)	3	3
Biotechnology	1	1	2	2	3	3
Fish Genetics & Breeding	1	1	2	2	3	3
Fish Nutrition & Feed Technology	1	1	2	2	3	3
Fish Physiology & Biochemistry	1	1	2	2	3	3
Fish Processing Technology	1	1+1 (1 for Microbiology)	2	2+1 (1 for Microbiology)	3	3+2 (2 for Microbiology)
Fisheries Economics & Statistics	1	1	2	2	3	3
Fisheries Extension	2	1	3	2	5	3
Fisheries Resource Management	2	2	3	3	5	5+1 (1 for Fisheries Engineering)
Microbiology	1	Nil	2	Nil	3	Nil
Total	**15**	**15**	**27**	**27**	**42**	**42**

पुनः ऊपर लिखे गये दोनों प्रस्ताव चतुर्थ विद्वत् परिषद् द्वारा अनुमोदित किये जा चुके है, जिसके उपरांत प्रबंधन मंडल से अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय/संकल्प : **सर्वसम्मति से स्वीकृत**

कार्यावली संख्या 1.2.2 : बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह।

विवरण : महामहिम, राज्यपाल के पत्रांक संख्या BASU(Convocation)-02/2019-2499/GS(I) Dated-20/08/2019 के अनुपालन में बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय अपना पहला दीक्षांत समारोह 15 अक्टुबर 2019 को कराने जा रहा है। इसका अनुमोदन प्रबंधन मंडल से अपेक्षित है।

निर्णय/संकल्प : **सर्वसम्मति से स्वीकृत**

कार्यावली संख्या 1.2.3 : बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय की कार्य अवधि एवं कार्य दिवस में बदलाव किये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन।

विवरणः बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय अपनी कार्य अवधि एवं कार्य बदलाव करना चाहता है। विश्वविद्यालय अपने निदेशालयों/कार्यालयों में प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को रविवार के अतिरिक्त साप्ताहिक अवकाश प्रणाली लागू करने का प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

उक्त प्रस्ताव के अनुमोदन के उपरांत बिहार सरकार में सचिवालय स्तर पर लागू व्यवस्था के अनुरूप अकस्मिक अवकाश एवं कार्यावधि भी अनुपातिक रूप से निम्नानुसार संशोधित होगीः–

1. बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के निदेशालयों/कार्यालयों में प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को रविवार के अतिरिक्त साप्ताहिक अवकाश रहेगा।
2. कार्यालय अवधि 9.00 बजे पूर्वाह्न से 5.00 बजे अपराह्न तक रहेगा।
3. मध्याह्न विश्रांतिकाल 01.30 बजे से 02.30 बजे अपराह्न तक रहेगा।
4. एक कैलेन्डर वर्ष में आकास्मिक अवकाश की संख्या 16 दिन से घटा कर 14 दिन होगी।

निर्णय/संकल्प **सर्वसम्मति से स्वीकृत**

कार्यावली संख्या 1.2.4. बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय पटना में विभिन्न स्वीकृत पदों की विसंगतियों को हटाकर, युक्तिकरण करना।

विवरणः पुर्व में बिहार सरकार द्वारा, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के लिए स्वीकृत पदों के वेतनमान, नाम इत्यादि में अनेक त्रुटियाँ पाई गयी हैं। उन विसंगतियों का सुधार किया गया है एवं उनका युक्तिकरण (Rationalisation), प्रबंधन मंडल के समक्ष अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया है।

निर्णय/संकल्प **सर्वसम्मति से स्वीकृत** (प्रबंधन मंडल के सदस्यों ने अनुलग्नक पृष्ठ सं०–55, क्रम सं०–13, पृष्ठ सं०–57, क्रम सं०–21 (1), एवं पृष्ठ सं०–58, क्रम सं०–24 (1) के सम्बंध में यह सुझाव दिया कि कार्यालय सहायक एवं लेखा सहायक के पदों को अलग से सूचीबद्ध की जाए)

कार्यावली संख्या 1.2.5. सातवाँ वेतन आयोग की अनुशंसा के तहत वेतन औपबंधिक रूप से भुगतान के पश्चात् अन्य भत्ता लागू करने हेतु अनुमोदन।

विवरणः सातवाँ वेतन पुनरीक्षण के फलस्वरूप वित्त विभाग,बिहार सरकार के द्वारा राज्य कर्मियों को विभिन्न भत्ते नये दर पर लागू किए गए हैं, जो राज्य कर्मियों को मिल रहा है, लेकिन अभी तक बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कर्मियों को पुनरीक्षित दर पर भत्ते का भुगतान नहीं हो रहा है। कई मदों में वृद्धि हुए भत्तों के भुगतान हेतु पशु एवं मत्स्य विभाग की स्वीकृति हेतु भेजी गई है।

(क) बिहार सरकार वित्त विभाग के संकल्प संख्या 8043 दिनांक 11.10.2017 के द्वारा राज्य कर्मियों को निम्नांकित भत्तायें केन्द्रीय सप्तम् वेतन आयोग की अनुशंसा के आलोक में पुनरीक्षण किया गया है–

1. मकान किराया भत्ता (H. R. A.)
2. शहरी परिवहन भत्ता (City Transport Allowance)
3. चिकित्सा भत्ता (Medical Allowance)
4. प्रतिनियुक्ति किराया भत्ता (Deputation Allowance)
5. छुट्टी यात्रा रियायत (Leave Travel Concession)
6. चालक भत्ता (Driving Allowance)
7. साईकिल भत्ता (Cycle Allowance)
8. पत्रिका भत्ता (Journal Allowance)
9. कार्य अवधि के अतिरिक्त कार्य करने हेतु क्षतिपूर्ति (Compensation for working beyond office hours)

बिहार सरकार के संकल्प के तहत विश्वविद्यालय कर्मियों को लागू करने हेतु कुलपति को प्रबंधन बोर्ड द्वारा अधिकृत करने का प्रस्ताव पर सहमति की अपेक्षा है।

(ख) (i) बिहार सरकार पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग पटना के ज्ञापांक –6 एस०एस० (11) 02/2016–68 दिनांक 07–01–2019 के द्वारा कुलपति बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के लिए अनुमोदित

वेतन/भत्ते की स्वीकृति में विश्वविद्यालय को प्रबन्धन बोर्ड से सहमति की अपेक्षा है।

(ii) भारत सरकार मानव संसाधन विकास विभाग (उच्च शिक्षा विभाग) के पत्रांक 1–4/2017–U.II दिनांक 28.01.2019 एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के पत्रांक एफ०न० 1(10)/2018–Per.IV दिनांक 13.03.2019 द्वारा कुलपति महोदय को पुनरीक्षित विशेष भत्ता रू॰ 11,250 कर दिया गया है।

वर्णित भत्ता को पुनरीक्षित करने हेतु प्रबन्धन बोर्ड द्वारा कुलपति को अधिकृत करने के प्रस्ताव पर सहमति हेतु प्रेषित है।

(ग) वित्त विभाग के संकल्प संख्या 754, 755 दिनांक 20.10.2017 के द्वारा सातवें वेतन आयोग की अनुशंसा के आधार पर 01.01.2016 के पूर्व एवं 01.01.2016 के बाद सेवानिवृत विश्वविद्यालय कर्मियों का पेंशन/परिवारिक पेंशन पुनरीक्षण का मामला राज्य सरकार के विचाराधीन है।

पेंशन पुनरीक्षण विश्वविद्यालय कर्मियों को लागू करने हेतु प्रबन्धन बोर्ड द्वारा कुलपति को अधिकृत करने के प्रस्ताव पर सहमति हेतु प्रेषित है।

(घ) वित्त विभाग के संकल्प संख्या 717 दिनांक 29.07.2019 के द्वारा राज्य कर्मियों को N.P.S. के तहत राज्य अंशदान की राशि 10 प्रतिशत से 14 प्रतिशत लागू किया गया है।

बिहार सरकार के कर्मियों के तहत विश्वविद्यालय कर्मियों को लागू करने हेतु कुलपति को प्रबन्धन बोर्ड द्वारा अधिकृत करने के प्रस्ताव पर सहमति की उपेक्षा है।

(ड़) पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार सरकार, पटना के ज्ञापांक 6/एस0/एस0/(II) 14/2018–837 दिनांक 13.03.2019 के आलोक में बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटन एवं इसके अंगीभूत महाविद्यालयों/संस्थानों के शिक्षकों/वैज्ञानिकों/गैर शैक्षणिक कर्मियों/पदाधिकारियों का औपबंधिक रूप से लागू सातवाँ वेतनमान पुनरीक्षण किया गया है।

औपबंधिक रूप से सातवाँ वेतन आयोग की अनुशंसा के अनुरूप से पुनरीक्षित वेतनमान में बकाया की राशि भुगतान करने हेतु कुलपति को प्रबन्धन बोर्ड द्वारा अधिकृत करने हेतु सहमति की अपेक्षा है।

वैसे सभी भत्ता इत्यादि जिसे वित्त विभाग ने राज्य कर्मियों को लागू कर दिए है, उक्त सभी भत्ताओं को राज्य कर्मियों के अनुरूप ही बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में लागू करने के प्रत्साव पर कुलपति, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय को शक्ति प्रदत करने का प्रस्ताव पर प्रबन्धन बोर्ड की स्वीकृति की अपेक्षा है।

निर्णय/संकल्प **सर्वसम्मति से स्वीकृत**

कार्यावली संख्या 1.2.6. विश्वविद्यालय की नियुक्तियों एवं अन्य शैक्षणिक कार्यो के लिए गोपनीय विशेषज्ञ पैनल का अनुमोदन

विवरणः बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में अधिकारियों एवं शिक्षकों की नियुक्ति एवं अन्य कार्य यथा कैरियर उन्नति योजना, विभिन्न परीक्षाओं के लिए विषय विशेषज्ञ के रूप में बुलाना इत्यादि के संचालन हेतु एक विशेषज्ञ पैनल तैयार किया गया है जिसमें भूतपूर्व एवं वर्त्तमान में मौजूद विभिन्न संकायों के कुलपति, अधिष्ठाता, निदेशक, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष शामिल किए गए हैं। पुनः गोपनीयता को बरकरार रखने के उद्वेश्य से इनका नाम बंद लिफाफे में प्रबंधन मंडल के समक्ष अनुमोदन हेतु रखा गया है। साथ ही प्रबंधन मंडल से अनुरोध है कि इसमें नामों को जोड़ने एवं घटाने की शक्ति कुलपति को दी जा सकती है।

निर्णय/संकल्प **सर्वसम्मति से स्वीकृत**

कार्यावली संख्या 1.2.7. बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के अधीन कार्यरत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान की आधारभुत उपाधि (B. V. Sc. & A.H.) रखने वाले शिक्षकों को गैर–व्यवसायिक भत्ता देने का अनुमोदन।

विवरण : बिहार में पशु संसाधन एवं पशुपालन का विकास तीव्र गति से हो रहा है। और यह देश के स्तर पर मिल रहे कई पुरस्कारों से भी परिलक्षित हो रहा है।

बिहार की अर्थव्यवस्था में पशुपालन की अपार संभावनाएं है। इन अपार संभावनाओं को देखते हुए काफी संख्या में प्रशिक्षित एवं कुशल कर्मियों की जरूरत है जो कि पशुपालन को और तेज गति प्रदान कर सके। इस विस्तार के लिए कुशाग्र बुद्धि वाले शिक्षकों की नितांत आवश्यकता है। अतः उनको आकर्षित करने के लिए देश की अन्य विश्वविद्यालयों, ICAR संस्थानों इत्यादि के तर्ज पर गैर व्यवसायिक भत्ता (NPA) देने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। उपरोक्त बातों के अलावे अन्य बातें यह है कि

(क) पशु चिकित्सक एवं शिक्षक जो कि शिक्षण या चिकित्सा के दौरान हमेशा पशुओं से जुड़े रहते हैं। उनमें जुनोटिक रोग होने का खतरा हमेशा बना रहता है।

(ख) प्रयोगिक कार्यो के दौरान भी शिक्षकों को पशुओं से हमेशा खतरा बना रहता है।

(ग) शैक्षणिक एवं रिसर्च गुणवत्ता के लिए भी शिक्षकों को गैर–व्यवसायिक होना चाहिए। पुनः यह भी कहना है कि मर्यादा के अनुसार शिक्षकों को गैर–व्यवसायिक होना ही चाहिए ताकि वे शिक्षण एवं रिसर्च पर ध्यान दे सकें और शिक्षा की गुणवत्ता को निखार सके।

(ध) विश्वविद्यालय अभी–अभी स्थापित हुआ है और इसमें बेहद कुशल एवं प्रशिक्षित शिक्षकों की नितांत आवश्यकता है। अब जब दुसरे विश्वविद्यालयों जैसे (पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, बंगाल, कर्नाटक, गुजरात इत्यादि) एवं ICAR के संस्थानों में गैर व्यवसायिक भत्ता दिया जा रहा है ऐसी स्थिति में बेहद कुशल वैज्ञानिकों एवं शिक्षकों को अकर्षित करना मुश्किल हो रहा है साथ ही कई हमारे शिक्षक वैज्ञानिक देश के अन्य संस्थानों मैं पलायन कर चुके हैं। अतः उपरोक्त बातों को ध्यान में रखकर प्रबंधन मंडल देश के अन्य विश्वविद्यालयों के अनुरूप बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के अधीन कार्यरत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान की आधारभूत उपाधि (B. V. Sc & A.H.) रखने वाले शिक्षकों को गैर–व्यवसायिक भत्ता देने का अनुमोदन दे सकता है। इस संबंध में बिहार कृषि

विज्ञान विश्वविद्यालय के प्रबंधन मंडल द्वारा पूर्व में ही अनुमोदन दिया जा चुका है।

निर्णय/संकल्प **सर्वसम्मति से स्वीकृत**

कार्यावली संख्या 1.2.8. वार्षिक रिर्पोट 2018–19 का अनुमोदन

विवरणः बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के विभिन्न शैक्षणिक, शोध एवं प्रसार से संबंधित क्रियाकलापों को दर्शाते हुए विश्वविद्यालय का वार्षिक रिर्पोट तैयार किया गया है। इसे प्रबंधन मंडल के समक्ष सूचनार्थ प्रस्तुत किया जा रहा है।

वार्षिक प्रतिवेदन का प्रारूप सदस्यों के अनुमोदनार्थ कार्यावली के साथ प्रस्तुत है।

निर्णय/संकल्प **सर्वसम्मति से स्वीकृत**

कार्यावली संख्या 1.2.9. वित्त समिति की कार्यावली एवं कार्यवाही का अनुमोदन

विवरण : वित्त समिति की कार्यावली एवं कार्यवाही सदस्यों के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय/संकल्प **सर्वसम्मति से स्वीकृत**

बैठक के अंत में माननीय कुलपति महोदय द्वारा सभी सम्मानित सदस्यों से अपनी राय देने को कहा गया। उनमें सम्मानित सदस्य श्री सुधान्शु कुमार, प्रगतिशील किसान, बिहटा, पटना ने विश्वविद्यालय से प्रसार कार्यक्रम को सक्षम एवं प्रभावी ढंग से किसानों के बीच पहुँचाने का अनुरोध किया। तत्पश्चात् विश्वविद्यालय के कुलसचिव, डॉ0 प्रदीप कुमार कपूर ने सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया एवं उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने का संकल्प लिया।

माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

ह०/–
कुलसचिव
सदस्य सचिव
बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

अनुमोदित

ह०/–
कुलपति (अध्यक्ष)
बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

ज्ञापांक सं० ...../ कुलसचिव / बि०प०वि०वि०, पटना दिनांक ...../2019

प्रतिलिपि :– विश्वविद्यालय प्रबंधन मंडल के सभी सदस्यों को बैठक की कर्यवाही सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

कुलसचिव
सदस्य सचिव
बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना

प्रतिलिपि :– माननीय कुलपति के सचिव, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।